# Daily Current Affairs

Date : 03 December, 2025

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका



| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
| --- | --- |
| 1. | राजस्थान खाद्य सुरक्षा सूचकांक |
| 2. | उदयपुर के इसवाल क्षेत्र में अरावली का अध्ययन |
| 3. | वेदान्ता टूर डी थार साइक्लिंग रेस : बीकानेर |
| 4. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. राजीविका एवं सुवर्ण पथ एड्यूटेक वेंचर्स MoU<br>2. राजभवन अब 'लोकभवन'<br>3. ऑर्थोपेडिक सर्जन ऑफ द ईयर अवॉर्ड-2025 : डॉ. संजय गढ़वाल<br>4. 19वीं राष्ट्रीय स्काउट गाइड जंबूरी में राजस्थान ओवरऑल प्रथम<br>5. MSMEs एवं स्टार्टअप पंजीकरण में राजस्थान का स्थान<br>6. 41वाँ ऑल इंडिया गवर्नर गोल्ड कप इंटरनेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट 2025<br>7. जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (JIFF) 2026<br>8. राष्ट्रीय स्वदेशी महोत्सव-2025 |
| 5. | पीएमओ आवास को सेवा तीर्थ कहा जाएगा |
| 6. | ब्रह्मोस मिसाइल |
| 7. | हेरॉन एमके-II |
| 8. | GPS स्पूफ़िंग |
| 9. | एस्केप सिस्टम |
| 10. | पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना: कर्नाटक |
| 11. | वित्तीय समावेशन के लिए राष्ट्रीय रणनीति 2025–30 |
| 12. | अभ्यास एकुवेरिन |
| 13. | संचार सारथी |
| 14. | पॉलोस मार ग्रेगोरियोस पुरस्कार |
| 15. | 25वें ग्रीष्मकालीन डेफलंपिक, 2025 |
| 16. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. अनंत सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर नेविगेशन (ACEN)<br>2. मुख्य कोच हरेंद्र सिंह : हॉकी<br>3. ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी का वर्ष का शब्द, 'रेज बैट' |





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## राजस्थान खाद्य सुरक्षा सूचकांक

### चर्चा में क्यों?

- राजस्थान में सुरक्षित, पौष्टिक और पर्याप्त भोजन पहुँच की स्थिति के बारे में जानकारी प्रदान करने संबंधी 'राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक' में झुंझुनू ने प्रदेश भर में प्रथम स्थान प्राप्त किया।



### मुख्य बिन्दु:

- झुंझुनू का खाद्य सुरक्षा में समग्र स्कोर 83.64 रहा जो राज्य के औसत (61.27) से भी अधिक है।
- **राज्य का औसत स्कोर :** 61.27 (केवल 10 जिले ही इस स्कोर को पार कर पाए)।

**स्कोर श्रेणी:**

| श्रेणी | स्कोर |
|---|---|
| सुरक्षित | ≥ 69.34 |
| मध्यम सुरक्षित | 55–69 |
| मध्यम असुरक्षित | 40–55 |
| असुरक्षित | 26–40 |
| अत्यधिक असुरक्षित | 12–26 |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### सबसे सुरक्षित शीर्ष - 5 ज़िले:

| ज़िला | स्कोर |
|---|---|
| झुंझुनू | 83.64 |
| सीकर | 79.33 |
| अजमेर | 74.19 |
| नागौर | 71.78 |
| चूरू | 69.38 |

- **सबसे असुरक्षित जिला :** खाद्य सुरक्षा में जैसलमेर राज्य का सबसे असुरक्षित जिला है, जिसका स्कोर 12.17 रहा।
- साथ ही, प्रतापगढ़ (26.44), बाँसवाड़ा (26.47), झालावाड़ (29.25) और बाराँ (34.2) भी अत्यधिक असुरक्षित श्रेणी में हैं।

### असुरक्षा के प्रमुख कारण:

- भौगोलिक दूरी।
- कृषि उत्पादन की कमी।
- रोजगार के सीमित अवसर।
- मौसम में तीव्र उतार-चढ़ाव।
- ग्रामीण क्षेत्रों में कुपोषण की उच्च दर।

### फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:

- सार्वजनिक वितरण प्रणाली का प्रबंध करने और उचित मूल्यों पर खाद्यान्नों का वितरण करने के लिए 21 जून, 2001 से राज्य में 'खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले' विभाग कार्यरत है।
- ज्ञातव्य है कि राज्य में 'आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955' एवं 'उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986' के क्रियान्वयन संबंधी कार्य भी इसी विभाग द्वारा किये जाते हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# उदयपुर के इसवाल क्षेत्र में अरावली का अध्ययन

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर के भूविज्ञान विभाग के डॉ. रितेश पुरोहित की शोध टीम ने अरावली चट्टानों में ऐसे रासायनिक संकेत पाए हैं, जो पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति को समझने के लिए नई दिशा प्रदान करते हैं।



## मुख्य बिन्दु:

- उदयपुर के इसवाल क्षेत्र में मिली विशेष चट्टानों में ऊइड्स (Ooids) नामक सूक्ष्म कार्बोनेट गोलकों की उत्पत्ति को लेकर अध्ययन किया गया।
- टीम द्वारा किए गए इस अध्ययन को 'जियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ अमेरिका बुलेटिन' में प्रकाशित किया गया।
- पूर्व में यह माना जाता था कि ऊइड्स (समुद्र तल पर बनने वाले सूक्ष्म गोलाकार पत्थर के दाने) उच्च ज्वारीय ऊर्जा वाले समुद्री क्षेत्रों या सूक्ष्मजीवों की सक्रियता से बनते हैं लेकिन डॉ. पुरोहित की टीम ने पाया कि ये गोलक वास्तव में 'ऑसिलेटिंग रिएक्शन' नामक रासायनिक प्रक्रिया से बनते हैं।
- **ऑसिलेटिंग रिएक्शन :** यह एक अजैविक (Abiotic) रासायनिक प्रक्रिया है, जिसमें जीवित प्राणियों के बिना ही जैविक पदार्थों के टूटने से ऊर्जा उत्पन्न होती है। उसी ऊर्जा से परतदार, समान आकार वाले ये सूक्ष्म गोलक निर्मित होते हैं।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# वेदान्ता टूर डी थार साइक्लिंग रेस : बीकानेर

## चर्चा में क्यों?

- प्रधानमंत्री के 'सांसद खेल महोत्सव 2025' के अंतर्गत जामनगर-अमृतसर भारतमाला एक्सप्रेस वे पर नौरंगदेसर (बीकानेर) में 'वेदान्ता टूर डी थार साइक्लिंग रेस' का आयोजन किया गया।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**मुख्य बिन्दु:**

- यह पहली बार है जब देश में 200 किमी लंबी इंटरनेशनल साइक्लिंग रेस का आयोजन किया गया।
- **आयोजक :** युवा मामले और खेल मंत्रालय के फिट इंडिया, वेदांता, साइकिल फेडरेशन ऑफ इंडिया, एसबीआई, नेवली इंडिया, हल्दीराम ग्रुप आदि।
- **एलिट (100 किमी) पुरुष वर्ग में टॉप :** साहिल कुमार।
- **एलिट (100 किमी) महिला वर्ग में टॉप :** स्वास्ति सिंह।
- **एमेच्योर (200 किमी) वर्ग में टॉप-3 :** अनूप कुमार, संजीव शर्मा व बजरंग गोदारा।

UTKARSH CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **राजीविका एवं सुवर्ण पथ एड्यूटेक वेंचर्स MoU**<br>■ हाल ही में, राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) एवं कौशल प्रशिक्षण क्षेत्र की अग्रणी सुवर्ण पथ एड्यूटेक वेंचर्स के मध्य एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।<br>■ इस समझौते के तहत् सुवर्ण पथ एड्यूटेक वेंचर्स द्वारा महिलाओं को प्रशिक्षण देने के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को उनके द्वारा बनाए उत्पादों को बेहतर बनाने के लिए विशिष्ट उत्पाद डिजाइन, गुणवत्ता में सुधार, वर्तमान चलन के अनुरूप पैकेजिंग और नवाचार पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। |
| 2. | **राजभवन अब 'लोकभवन'**<br>■ राज्यपाल हरिभाऊ बागडे द्वारा जारी आदेशों के अंतर्गत राजस्थान राजभवन का नाम परिवर्तित करके आधिकारिक रूप से 'लोकभवन' कर दिया गया।<br>■ राज्यपाल द्वारा जारी यह अधिसूचना 01 दिसम्बर, 2025 से प्रभावी मानी जाएगी।<br>■ ज्ञातव्य है कि प्रधानमंत्री ने हाल ही में 'प्रधानमंत्री कार्यालय (PMO)' का नाम बदलकर 'सेवा तीर्थ' और राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में स्थित राजभवन और राजनिवास का नाम बदलकर क्रमशः 'लोकभवन' और 'लोक निवास' किए जाने की घोषणा की थी। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**3.** **ऑर्थोपेडिक सर्जन ऑफ द ईयर अवॉर्ड-2025 : डॉ. संजय गढ़वाल**

- हिंदुस्तान बुक ऑफ रिकॉर्ड्स ने हाल ही में जयपुर के डॉ. संजय गढ़वाल को 'ऑर्थोपेडिक सर्जन ऑफ द ईयर अवॉर्ड–2025' से सम्मानित किया।
- यह सम्मान उनके उत्कृष्ट चिकित्सकीय योगदान, उच्चस्तरीय सर्जिकल दक्षता और मरीजों के प्रति समर्पित सेवा को ध्यान में रखते हुए प्रदान किया गया।

**4.** **19वीं राष्ट्रीय स्काउट गाइड जंबूरी में राजस्थान ओवरऑल प्रथम**

- **आयोजन :** 23 से 29 नवंबर, 2025 तक अटल स्टेडियम, लखनऊ में।
- **आयोजक :** भारत स्काउट व गाइड।
- **राजस्थान का प्रदर्शन :** विंगवाइज स्काउट विभाग में प्रथम स्थान, गाइड विभाग में प्रथम स्थान और ओवरऑल दोनों विंग में राष्ट्रीय स्तर पर चीफ नेशनल कमिश्नर फ्लैग और शील्ड।

**5.** **MSMEs एवं स्टार्टअप पंजीकरण में राजस्थान का स्थान**

- दिसंबर, 2025 तक प्रदेश में 5 लाख से भी अधिक MSMEs एवं स्टार्टअप का पंजीकरण किया जा चुका है।
- इन पंजीकरण के साथ ही राजस्थान ने देशभर में चौथा स्थान प्राप्त किया।

**6.** **41वाँ ऑल इंडिया गवर्नर गोल्ड कप इंटरनेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट 2025**

- 'राजस्थान यूनाइटेड फुटबॉल क्लब' ने हाल ही में '41वाँ ऑल इंडिया गवर्नर गोल्ड कप इंटरनेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट 2025' का खिताब जीता।
- आयोजन : गंगटोक (सिक्किम) के पलजोर स्टेडियम में।
- **नोट :** राजस्थान यूनाइटेड फुटबॉल क्लब के फुटबॉलर मार्तंड रैना को इंडियन सुपर लीग (ISL) की टीम ईस्ट बंगाल फुटबॉल क्लब ने खरीदा है। वे ईस्ट बंगाल से खेलने वाले राजस्थान के पहले फुटबॉलर हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**7.** **जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (JIFF) 2026**

- **आयोजन :** 13 से 15 फरवरी, 2026 तक भारत मंडपम, प्रगति मैदान, नई दिल्ली।
- फिल्म फेस्टिवल के लिए 37 देशों की कुल 221 फिल्मों का चयन किया गया है।
- यह पहली बार है जब इस फेस्टिवल का आयोजन जयपुर से बाहर किया जाएगा।

**8.** **राष्ट्रीय स्वदेशी महोत्सव-2025**




- **आयोजन :** 23 से 28 दिसंबर, 2025 तक।
- **आयोजन स्थल :** शहीद मेजर नटवर सिंह शक्तावत खेल मैदान, चित्तौड़गढ़।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## पीएमओ आवास को सेवा तीर्थ कहा जाएगा

### चर्चा में क्यों?

- प्रधानमंत्री कार्यालय (PMO) का नया परिसर, अब 'सेवा तीर्थ' के नाम से जाना जाएगा। सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना के तहत इसे पहले एक्जीक्यूटिव एन्क्लेव कहा जाता था।




### मुख्य बिन्दु:

- इस नए परिसर में पीएमओ के साथ-साथ कैबिनेट सचिवालय, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय तथा इंडिया हाउस के कार्यालय भी स्थित होंगे।
- इंडिया हाउस वह विशेष स्थल होगा जहाँ देश में आने वाले उच्च-स्तरीय गणमान्य व्यक्तियों के साथ वार्ताएँ और आधिकारिक चर्चा आयोजित की जाएँगी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ब्रह्मोस मिसाइल

## चर्चा में क्यों?

- भारतीय थल सेना ने ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल का सफलतापूर्वक लड़ाकू प्रक्षेपण किया।




## मुख्य बिन्दु:

- यह दो-चरणीय सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है। इसके पहले चरण में ठोस प्रणोदक बूस्टर इंजन और दूसरे चरण में तरल रैमजेट इंजन है।
- **रेंज:** 290 किलोमीटर
- **क्रूजिंग ऊंचाई:** 15 किमी।
- **टर्मिनल ऊंचाई:** 5 मीटर तक हो सकती है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## हेरॉन एमके-II

**चर्चा में क्यों?**

- रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत इजरायल से अतिरिक्त हेरॉन एमके-II ड्रोन खरीदने की योजना बना रहा है। साथ ही, इसके भारत में ही निर्माण के लिए वार्ता भी चल रही है।



**मुख्य बिन्दु:**

- **निर्माता:** इजरायल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज (IAI)।
- **श्रेणी:** मीडियम एल्टीट्यूड लॉन्ग एंड्योरेंस (MALE) मानव रहित हवाई वाहन (UAV) है। इसका उपयोग खुफिया जानकारी जुटाने, निगरानी करने और टोही कार्यों के लिए किया जाता है।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विज्ञान प्रौद्योगिकी

## GPS स्पूफ़िंग

### चर्चा में क्यों?

- नागर विमानन मंत्रालय ने दिल्ली और कई अन्य प्रमुख हवाई अड्डों पर GPS स्पूफिंग की पुष्टि की है।




### मुख्य बिन्दु:

**अन्य महत्वपूर्ण बिन्दु**

- इसे GPS सिमुलेशन भी कहा जाता है। यह भ्रामक GPS सिग्नल प्रसारित करके GPS रिसीवर में हेरफेर या उसे धोखा देने की प्रक्रिया को संदर्भित करता है।
- यह GPS रिसीवर को यह विश्वास दिलाकर गुमराह करता है कि लोकेशन किसी और जगह की है। इसके परिणामस्वरूप, डिवाइस गलत लोकेशन डेटा प्रदान करता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# एस्केप सिस्टम

## चर्चा में क्यों?

- रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने लड़ाकू विमानों से बाहर निकलने के लिए विकसित एस्केप सिस्टम का नियंत्रित वेग पर उच्च-गति रॉकेट-स्लेज परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया है।



## मुख्य बिन्दु:

- **परीक्षण:** चंडीगढ़ स्थित टर्मिनल बैलिस्टिक्स रिसर्च लेबोरेटरी की रेल-ट्रैक रॉकेट-स्लेज सुविधा में किया गया।
- **सहयोग:** एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (ADA) और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL)।
- कैनोपी फ्रेजिलाइजेशन पैटर्न, इजेक्शन सीक्वेंसिंग और संपूर्ण एयरक्रू रिकवरी प्रक्रिया का मूल्यांकन एक इंस्ट्रूमेंटेड एंथ्रोपोमॉर्फिक टेस्ट डमी के माध्यम से किया गया, जिसने इजेक्टेड पायलट द्वारा वास्तविक परिस्थितियों में अनुभव किए जाने वाले महत्त्वपूर्ण भार, क्षण तथा त्वरण को सटीक रूप से रिकॉर्ड किया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण योजनाएँ

## पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना: कर्नाटक

### चर्चा में क्यों?

- 31अक्टूबर, 2025 तक कर्नाटक राज्य में नवीकरणीय ऊर्जा की कुल 25,675.39 मेगावाट क्षमता स्थापित की गई है, जो देश भर में स्थापित कुल 2,50,643.45 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का लगभग 10.24 प्रतिशत है।

### मुख्य बिन्दु:

- MBY के अंतर्गत 2026-27 तक एक करोड़ घरों के लिए रूफटॉप सौर ऊर्जा स्थापना के लक्ष्य को प्राप्त करने और प्रगति में तेजी लाने के लिए मंत्रालय ने निम्नलिखित उपाय किए हैं:

1. राष्ट्रीय पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण से लेकर सब्सिडी को सीधे आवासीय उपभोक्ता के बैंक खाते में हस्तांतरित किए जाने तक की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन है।
2. राष्ट्रीयकृत बैंकों से बिना किसी जमानत के ऋण उपलब्ध है, जो रियायती ब्याज दर पर दिया जाता है - वर्तमान में रेपो रेट प्लस 50 बेसिस पॉइंट्स, अर्थात् 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर, जिसकी अवधि 10 वर्ष है। 26.11.2025 तक, ऋण के माध्यम से कुल 5,67,939 आरटीएस प्रणालियाँ स्थापित की जा चुकी हैं।
3. तकनीकी व्यवहार्यता आवश्यकता को माफ करके तथा 10 किलोवाट तक ऑटो लोड वृद्धि शुरू करके विनियामक अनुमोदन प्रक्रिया को सरल बनाया गया।
4. RESCO/ यूटिलिटी आधारित एग्रीगेशन (ULA) मॉडल शामिल हैं।
5. नेट मीटरिंग समझौते को राष्ट्रीय पोर्टल में आवेदन का हिस्सा बनाया गया है।
6. पर्याप्त और योग्य विक्रेताओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विक्रेताओं के पंजीकरण की प्रक्रिया को सरल बनाया गया है।
7. कुशल जनशक्ति सृजित करने के लिए क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

8. देश में प्रमुख समाचार पत्रों में प्रिंट विज्ञापन, टीवी विज्ञापन अभियान, क्षेत्रीय चैनलों सहित FM स्टेशनों पर रेडियो अभियान आदि जैसे जागरूकता और आउटरीच कार्यक्रमों के माध्यम से योजना के बारे में जागरूकता पैदा करना।
9. शिकायतों के समय पर समाधान के लिए शिकायत निवारण तंत्र स्थापित किया गया है।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:**

| पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना | |
|---|---|
| परिचय | ■ यह पर्याप्त वित्तीय सब्सिडी प्रदान करके और इनस्टॉलेशन में सुविधा सुनिश्चित करके सोलर रूफटॉप सिस्टम को अपनाने को बढ़ावा देने के लिये एक केंद्रीय योजना है। |
| उद्देश्य | ■ इसका लक्ष्य भारत में एक करोड़ परिवारों को मुफ्त विद्युत ऊर्जा उपलब्ध कराना है, जो रूफटॉप सोलर पैनल वाली बिजली इकाइयाँ स्थापित करना चाहते हैं। (प्रतिमाह 300 यूनिट बिजली मुफ्त) |
| कार्यान्वयन एजेंसियाँ | ■ राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय कार्यक्रम कार्यान्वयन एजेंसी (NPIA) तथा राज्य स्तर पर राज्य कार्यान्वयन एजेंसियों (SIA)। |
| सब्सिडी संरचना | ■ 2 किलोवाट क्षमता तक के सोलर सिस्टम के लिये 60 प्रतिशत सब्सिडी।<br>■ 2 किलोवाट से 3 किलोवाट (अधिकतम) क्षमता के बीच सोलर सिस्टम के लिये 40 प्रतिशत सब्सिडी। |
| विशेषताएँ | ■ **आदर्श सौर गाँव:** प्रत्येक ज़िले में एक 'मॉडल सोलर विलेज' विकसित किया जाएगा, जो एक प्रदर्शन परियोजना के रूप में कार्य करेगा तथा ग्रामीण क्षेत्रों में रूफटॉप सोलर सिस्टम अपनाने को बढ़ावा देगा।<br>■ **स्थानीय निकायों के लिये प्रोत्साहन:** शहरी स्थानीय निकायों और पंचायती राज संस्थान को अपने-अपने क्षेत्रों में छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने को बढ़ावा देने के लिये प्रोत्साहन मिलेगा। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# आर्थिक परिदृश्य

## वित्तीय समावेशन के लिए राष्ट्रीय रणनीति 2025–30

### चर्चा में क्यों?

- भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्तीय समावेशन के लिए राष्ट्रीय रणनीति (NSFI) 2025-30 जारी की है, जिसमें भारत में वित्तीय समावेशन को गहरा और व्यापक बनाने के लिए पंचवर्षीय योजना (पंच-ज्योति) की रूपरेखा दी गई है।

### मुख्य बिन्दु:

- वित्तीय स्थिरता एवं विकास परिषद की उप-समिति द्वारा अनुमोदित इस रणनीति में पांच रणनीतिक उद्देश्य निर्धारित किए गए हैं, जिन्हें एक व्यापक पंच-ज्योति ढांचे और 47 कार्यान्वयन योग्य कदमों द्वारा समर्थित किया गया है।

**पंच-ज्योति के रणनीतिक स्तंभ**

- **न्यायसंगत वित्तीय सेवाएं:** परिवारों और सूक्ष्म उद्यमों के लिए न्यायसंगत, जिम्मेदार और सस्ती वित्तीय सेवाएं प्रदान करना।
- **लिंग-संवेदनशीलता:** महिला-केंद्रित रणनीतियों को लागू करना और कमजोर एवं वंचित समूहों को समर्थन।
- कौशल विकास और आजीविका कार्यक्रमों को औपचारिक वित्तीय सेवाओं के साथ एकीकृत करना।
- **वित्तीय साक्षरता:** जिम्मेदार वित्तीय व्यवहार को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय साक्षरता का उपयोग।
- **ग्राहक संरक्षण:** बेहतर विश्वसनीयता और पहुंच के लिए ग्राहक संरक्षण और शिकायत निवारण तंत्र को मजबूत करना।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# सैन्य अभ्यास

## अभ्यास एकुवेरिन

### चर्चा में क्यों?

- अभ्यास एकुवेरिन का 14वां संस्करण केरल के तिरुवनंतपुरम में आयोजित किया जा रहा है।

### मुख्य बिन्दु:

**अभ्यास एकुवेरिन के बारे में**

- यह भारतीय थल सेना और मालदीव नेशनल डिफेंस फोर्स के बीच एक वार्षिक द्विपक्षीय संयुक्त सैन्य अभ्यास है।
- **शुरुआत:** "एकुवेरिन" का अर्थ "मित्र" होता है। यह अभ्यास 2009 में शुरू हुआ था। इसका आयोजन भारत और मालदीव में बारी-बारी से किया जाता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण पोर्टल एवं एप

## संचार सारथी

### चर्चा में क्यों?

- दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने फोन निर्माताओं को मार्च 2026 से बेचे जाने वाले उपकरणों पर संचार साथी ऐप को पहले से इंस्टॉल करने का निर्देश दिया है।




### मुख्य बिन्दु:

**संचार साथी मोबाइल ऐप**

- 2025 में, दूरसंचार विभाग ने उपयोगकर्ताओं को मोबाइल से संबंधित धोखाधड़ी और चोरी की रिपोर्ट करने और उससे सुरक्षा प्रदान करने के लिए एंड्रॉइड और आईओएस दोनों के लिए संचार साथी मोबाइल ऐप लॉन्च किया ।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### मुख्य विशेषताएँ:

- **चक्षु:** यह उपयोगकर्ताओं को कॉल, SMS या व्हाट्सएप पर प्राप्त धोखाधड़ी के संदेहास्पद संचार को रिपोर्ट करने की सुविधा प्रदान करता है, जैसे कि KYC के एक्सपायर होने या बैंक खाते का अपडेट होने का झांसा देना।
- **IMEI ट्रैकिंग और ब्लॉकिंग:** भारत में कहीं भी खोए या चोरी हुए फोन को ट्रैक व ब्लॉक करने की अनुमति देता है।
- **अंतरराष्ट्रीय कॉल की रिपोर्टिंग:** नागरिकों को +91 (कंट्री कोड के बाद 10 अंक) से शुरू होने वाले नंबरों से घरेलू कॉल के रूप में छद्म अंतरराष्ट्रीय कॉल की रिपोर्ट करने की सुविधा देता है।



Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पुरस्कार

## पॉलोस मार ग्रेगोरियोस पुरस्कार

### चर्चा में क्यों?

- "भारत की मिसाइल महिला" डॉ. टेसी थॉमस को विज्ञान और महिला सशक्तिकरण में योगदान के लिए आठवें डॉ. पॉलोस मार ग्रेगोरियोस पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया है।




### मुख्य बिन्दु:

**डॉ. टेसी थॉमस**

- **अग्रणी वैज्ञानिक:** डॉ. थॉमस रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) में एक प्रसिद्ध वैज्ञानिक हैं और मिसाइल परियोजना का नेतृत्व करने वाली भारत की पहली महिला हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **प्रमुख योगदान:** उन्होंने अग्नि-4 और अग्नि-5 जैसी लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल प्रणालियों के लिए परियोजना निदेशक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- उनके काम के कारण उन्हें "अग्निपुत्री" (अग्नि से जन्मी) उपनाम मिला।

### डॉ. पॉलोस मार ग्रेगोरियोस पुरस्कार

- डॉ. पॉलोस मार ग्रेगोरियोस पुरस्कार मलंकारा (भारतीय) ऑर्थोडॉक्स चर्च की सोफिया सोसाइटी द्वारा स्थापित किया गया है और इसे द्विवार्षिक रूप से दिया जाता है।
- यह पुरस्कार स्वर्गीय डॉ. पॉलोस मार ग्रेगोरियस की स्मृति में दिया जाता है।
- इस पुरस्कार में 5 लाख रुपये की नकद राशि, एक प्रशस्ति पत्र और एक पदक दिया जाता है।

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# खेल

## 25वें ग्रीष्मकालीन डेफलंपिक, 2025

### चर्चा में क्यों?

- बधिर एथलीटों के लिए एक अंतरराष्ट्रीय बहु-खेल 25वें ग्रीष्मकालीन डेफलंपिक, 2025 का आयोजन 15 से 26 नवंबर, 2025 तक टोक्यो, जापान में आयोजित किया गया।




### मुख्य बिन्दु:

- **आयोजक:** बधिरों के लिए खेल की अंतरराष्ट्रीय समिति (ICSD)।
- **डिज़ाइन थीम:** "स्प्रेडिंग अवर विंग्स" थीम वाले पदक में पारंपरिक जापानी शुभ पैटर्न के साथ-साथ आकांक्षा और उत्कृष्टता का प्रतीक एक ओरिगेमी पेपर क्रेन है।
- **अगला संस्करण:** वर्ष 2027 शीतकालीन डेफलंपिक्स (इंसब्रुक, ऑस्ट्रिया)।

**पदक तालिका:**

| रैंक | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल पदक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1st | यूक्रेन | 32 | 39 | 29 | 100 |
| 2nd | संयुक्त राज्य अमेरिका (USA) | 17 | 7 | 12 | 36 |
| 3rd | जापान | 16 | 12 | 23 | 51 |
| 4th | चीन | 12 | 16 | 22 | 50 |
| 5th | दक्षिण कोरिया | 11 | 13 | 18 | 42 |
| 6th | भारत | 9 | 7 | 4 | 20 (निशानेबाजी; 16 पदक) |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **भारतीय दल:** भारत ने 73 एथलीटों और 38 सहायक कर्मचारियों के साथ अपना अब तक का सबसे बड़ा प्रतिनिधिमंडल भेजा, जिसमें 11 खेल स्पर्धाओं में कुल 111 सदस्य थे।

**भारतीय स्वर्ण पदक विजेता:**

| खिलाड़ी | स्पर्धा | खेल | विश्व रिकॉर्ड |
|---|---|---|---|
| सुमित दहिया | 97 किग्रा पुरुष फ्रीस्टाइल | मल्लयुद्ध | - |
| दीक्षा डागर | महिला व्यक्तिगत | गोल्फ़ | - |
| धनुष श्रीकांत | 10 मीटर एयर राइफल पुरुष | निशानेबाजी | - |
| अभिनव देशवाल | 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल पुरुष | निशानेबाजी | - |
| अनुया प्रसाद | 10 मीटर एयर पिस्टल महिला | निशानेबाजी | - |
| प्रांजलि धूमल | 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल महिला | निशानेबाजी | - |
| महित संधू | 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन महिला | निशानेबाजी | 50 मीटर राइफल प्रोन क्वालीफिकेशन ने 7 का WR हासिल किया। |
| अभिनव देशवाल / प्रांजलि धूमल | 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम | निशानेबाजी | - |
| धनुष श्रीकांत / महितसंधू | 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम | निशानेबाजी | 252.2 अंकों का एक नया बधिर फाइनल विश्व रिकॉर्ड (WR) व 6 अंकों का नया क्वालीफिकेशन रिकॉर्ड बनाया। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **मिश्रित टीम इवेंट (भारत):** महित संधू और धनुष श्रीकांत ने 10 मीटर एयर राइफल में एक नया विश्व क्वालीफिकेशन रिकॉर्ड बनाया, जबकि अभिनव देशवाल और प्रांजलि धूमल ने 10 मीटर एयर पिस्टल में मौजूदा विश्व और बधिर रिकॉर्ड की बराबरी की।
- **दिमित्रो पेट्रेंको (यूक्रेन):** पुरुषों की 50 मीटर राइफल प्रोन फाइनल में, 251.0 के स्कोर ने एक नया विश्व और ओलंपिक बधिर रिकॉर्ड बनाया।

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ✂️ न्यूज़ इन शॉर्ट्स ⚡

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **अनंत सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर नेविगेशन (ACEN)**<br><br><br>■ इसरो प्रमुख वी. नारायणन ने तिरुवनंतपुरम में अनंत सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर नेविगेशन (ACEN) का उद्घाटन किया। यह भारत का पहला प्राइवेट सेक्टर नेविगेशन इनोवेशन हब है, जिसे अनंत टेक्नोलॉजीज ने स्थापित किया है।<br>■ ACEN का उद्देश्य इस समस्या का समाधान करना है, और भारत के लिए मजबूत, विश्वसनीय और स्वदेशी नेविगेशन प्रणालियों का निर्माण सुनिश्चित करना। |
| 2. | **मुख्य कोच हरेंद्र सिंह : हॉकी**<br><br>■ भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने निजी कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।<br>■ उन्होंने 2016 में जूनियर पुरुष टीम को विश्व कप खिताब जिताया। वे अमरीकी पुरुष टीम के भी कोच रहे। उनके कार्यकाल में, भारत ने 2024 में एशियाई महिला चैंपियंस ट्रॉफी जीती। |



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**3.** **ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी का वर्ष का शब्द, 'रेज बैट'**




- **ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी ने “रेज बैट” को वर्ष 2025 का शब्द चुना है , जो डिजिटल संस्कृति के बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR